केंद्रीय विद्यालय संगठन , तिनसुकिया संभाग
वार्षिक परीक्षा 2019
विषय – हिन्दी
कक्षा – आठवीं

निर्धारित समय : 2:30 घटे **अधिकतम अंक – 80**

सामान्य निर्देश:

1 इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड है – क ख ग और घ
2 चारों खण्डों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3 यथा संभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए।
4 इस प्रश्न पत्र में कुल 10 प्रश्न हैं।

खण्ड क (अपठित बोध)

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए – 8

हमारे जीवन में उत्साह का विशेष स्थान है । किसी काम को करने के लिए सदा तैयार रहना तथा उस काम को करने में आनंद का अनुभव करना उत्साह का प्रमुख लक्षण हैं। उत्साह कई प्रकार का होता है। परंतु सच्चा उत्साह वही होता है जो मनुष्य को कार्य करने के लिए प्रेरणा देता है। मनुष्य किसी भी कारणवश जब किसी के कष्ट को दूर करने का संकल्प करता है तब जिस सुख को वह अनुभव करता है वह सुख विशेष रूप से प्रेरणा देने वाला होता है। उसी उत्साह के लिए कवियों ने कहा है 'साहस से भरी हुई उमंग ही उत्साह है।" जिस भी कार्य को करने के लिए मनुष्य में कष्ट दुःख या हानि को सहन करने की ताकत आती है, उन सब से उत्पन्न आनंद ही उत्साह कहलाता है। उत्साह आनंद और साहस का मिला जुला रूप है। उत्साह एक ऐसा मनोभाव है जो किसी कार्य विशेष में तो मनुष्य को प्रेरित करता ही हैं, साथ ही इस भाव के होने पर अन्य कार्यों में भी उसकी शक्ति को बढ़वा मिलता है।

क) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखो ? 1
ख) उत्साह किसका मिला जुला रूप है ? 1
ग) 'कष्ट' का पर्यायवाची शब्द लिखिए ? 1
घ) उत्साह का प्रमुख लक्षण क्या है? 1
ङ) कवियों के अनुसार उत्साह का स्वरुप क्या है? 2
च) उत्साह हमें कैसे प्रेरित करता है ? 2

प्रश्न 2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए – 7

मैं मजदूर मुझे देवों की बस्ती से क्या ?
अगणित बार धरा पर मैंने स्वर्ग बनाए।
अंबर पर जितने तारे, उतने वर्षों से
मेरे पुरखों ने धरती का रूप सँवारा।
धरती को सुन्दरतम करने की ममता में,
बिता चुका है कई पीढ़ियाँ वंश हमारा।
और अभी आगे आनेवाली सदियों में
मेरे वंशज धरती का उद्धार करेंगे।
इस प्यासी धरती के हित में ही लाया था;
हिम-गिर चीर सुखद गंगा की निर्मल धारा।
मैं रेगिस्तानों की रेती धो-धोकर,
बंध्या धरती पर भी स्वर्णिम पुष्प खिलाए।
मैं मजदूर मुझे देवों की बस्ती से क्या ?

क) 'अगणित' से कवि का क्या अभिप्राय है ? 1
ख) धरती का रूप किसने सँवारा है ? 1
ग) किस प्रयास में मजदूर कई पीढ़ियाँ बिता चुका है ? 1
घ) अंबर का पर्याय लिखो ? 1
ङ) इस काव्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ? 1

च) मजदूर गंगा की निर्मल धारा धरती पर क्यों लाया है ? 2

खण्ड ख (व्याकरण)

प्रश्न 3 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए |

क) निम्न शब्दों के भाववाचक रूप लिखो – 1
मनुष्य, दुनिया

ख) इनमें से गुणवाचक विशेषण कौन से हैं ? 1
अच्छा , दर्जन , लम्बा, मेरी बहन

ग) बस, वश दोनों के अर्थ में क्या अंतर है ? 1

घ) दिए गए उपसर्गों से एक- एक शब्द बनाइए – प्र, भर 1

ङ) इन प्रत्ययों से एक- एक शब्द बनाइए – इक , ईला 1

प्रश्न 4 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए |

क) निम्न सर्वनामों के भेद लिखिए - 2
मैं, क्या , मेरी , कुछ

ख) इन क्रियाओं के सकर्मक रूप लिखिए – 2
कटना, सोना, भागना, बैठना

ग) निम्न शब्दों के तत्सम रूप लिखिए – 2
जीभि, ग्यान, घर, आँख

घ) इन शब्दों के शुद्ध शब्द रूप लिखिए 2
मुलुक, खमा, मजूरी, वकत

ङ) दोनों मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए 2
काटो तो बदन में खून नहीं, जी भरना

खण्ड ग (पाठ्य पुस्तक)

प्रश्न 5. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचें दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए – 5

दोषों का पर्दाफाश करना बुरी बात नहीं है | बुराई यह मालूम होतो है कि किसी के आचरण के गलत पक्ष को उद्घाटित करके उसमें रस लिया जाता है और दोषोद्घाटन को एक मात्र कर्तव्य मान लिया जाता है | बुराई में रस लेना बुरी बात है, अच्छाई में उतना ही रस लेकर उजागर न करना और भी बुरी बात है | सैकड़ों घटनाएँ ऐसी घटती है, जिन्हें उजागर करने से लोक चित में अच्छाई के प्रति अच्छी भावना जगती है |

क) अच्छाई शब्द किस संज्ञा भेद में आता है ? 1

ख) किसी के आचरण के गलत पक्ष को उद्घाटित करके रस लेना क्या है ? 2

ग) लोगों में अच्छाई के प्रति अच्छी भावना कैसे जगाई जा सकती है ? 2

प्रश्न 6 निम्न काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िये और प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 5

वैसोई राज- समाज बने, गज, बाजि घने मन संभ्रम छायों
कैधों परयो कहूँ मार्ग भूलि, कि फेरि के मैं अब द्वारका आयो
भौन बिलोकिबे को मन लोचत, अब सोचत ही सब गाँव मझायो,
पुछत पांडे फिरे सों, पर झोपरी को कहूँ खोज न पायो|

क) सुदामा के मन में किस प्रकार का भ्रम उत्पन्न हो गया ? 1

ख) सुदामा अपने गाँव जाकर आश्चर्यचकित क्यों हो गया? 2

ग) द्वारिका के तरह सुदामा के गाँव में क्या बने हुए थे ? 2

प्रश्न 7 निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **2 x 10= 20**

क) दोषों के पर्दाफाश करना कब बुरा रूप ले सकता है ?

ख) कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं ?

ग) विटठल ने अपना हक पाने के लिए क्या किया था ?

घ) साईकिल को विनम्र सवारी क्यों कहा गया है ?

ङ) बिलवासी जी अंग्रेज के सामने अजीब व्यवहार क्यों कर रहे थे ?

च) ओस की बूंद क्रोध और घृणा से क्यों काँप उठी ?

छ) बाज के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था ?

ज) टोपी बनवाने के लिए गवरइया किस किस के पास गई ?

झ) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?

ञ) कबीर के अनुसार साधु की पहचान क्या है ?

प्रश्न 8 निम्न में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर ' भारत की खोज' के आधार पर लिखिए – **2 x 5 = 10**

क) जैन धर्म और बौद्ध धर्म के संस्थापक कौन थे ?

ख) अमीर खुसरो की लोकप्रियता का आधार क्या है ?

ग) राजा राम मोहन के व्यक्तित्व को स्पष्ट कीजिए ?

घ) विश्वयुद्ध समाप्त होने के बाद देश में क्या हुआ ?

ङ) 'भारत छोड़ो प्रस्ताव ' के बारे में लिखिए ?

च) नेताओं की गिरफतारियों का क्या परिणाम हुआ ? संक्षेप में लिखिए ।

छ) किन्हीं दो संस्कृत नाटकों के नाम लिखिए।

खण्ड घ (लेखन)

प्रश्न 9 किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए – 5

क) परिश्रम का महत्व

ख) मेरी अविस्मरणीय यात्रा

ग) सच्ची मित्रता

घ) जल बचाओ, जीवन बचाओ।

प्रश्न 10 विद्यालय में पीने के पानी की व्यवस्था कराने के लिए अपने प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

अथवा

कुसंगति से बचने तथा पढ़ाई पर ध्यान लगाने के लिए छोटे भाई को पत्र लिखिए।

***